हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 87 देहरादून, बुधवार, 21 सितंबर, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग ने प्रथम चरण की परीक्षाओं का कैलेण्डर निर्धारित किया 3

# अचानक रैणी व सलधार के बीच चट्टान से भारी मात्रा में मलबा

## बोल्डर और मलबा हाईवे पर आने से दोनों ओर वाहनों की आवाजाही रुकी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

जोशीमठ, 20 सितम्बर। चीन सीमा को जोड़ने वाला जोशीमठ-मलारी हाईवे मंगलवार को सलधार में बंद हो गया है। यहां चट्टान से भारी मात्रा में बोल्डर और मलबा हाईवे पर आने से हाईवे के दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही थम गई। सेना और आईटीबीपी के वाहन भी यहां फंस गए जबकि कई ग्रामीण दो किमी पैदल चलकर अपने गंतव्य तक पहुंचे। सूचना पर बीआरओ ने जेसीबी लगाकर हाईवे खोलने का काम शुरू कर दिया। देर शाम तक हाईवे खोलने का काम जारी रहा।

मंगलवार सुबह करीब दस बजे अचानक रैणी व सलधार के बीच चट्टान से भारी मात्रा में मलबा जोशीमठ-मलारी हाईवे पर आ गया जिससे यहां सेना, आईटीबीपी के साथ ही स्थानीय लोगों के वाहनों की आवाजाही थम गई। ग्रामीणों को भी आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई ग्रामीण तो करीब दो किलोमीटर पैदल चलकर गंतव्य तक पहुंचे। स्थानीय निवासी लक्ष्मण सिंह नेगी ने बताया कि नीती घाटी में इन दिनों लाता की मां नंदा की दिवारा यात्रा चल रही है।



कई प्रवासी ग्रामीण भी मां नंदा की दिवारा यात्रा में पहुंचे हैं लेकिन हाईवे बंद होने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। इधर, बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) के कमांडर कर्नल मनीष कपिल ने बताया कि हाईवे खोलने का काम शुरू कर दिया गया है। देर रात तक हाईवे पर वाहनों की आवाजाही शुरू करा दी जाएगी।

उत्तरकाशी जिले में रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण मलबा-बोल्डर आने से गंगोत्री और यमुनोत्री हाईवे जगह-जगह बंद रहे। यमुनोत्री में तो हाईवे खुल गया लेकिन गंगोत्री में हाईवे बंद होने से दोनों ओर करीब डेढ़ हजार यात्री फंस गए हैं और हाईवे खुलने का इंतजार कर रहे हैं। वहीं आपदा प्रबंधन विभाग का कहना है कि सभी यात्री सुरक्षित स्थानों पर रुके हैं। हाईवे खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। मंगलवार को गंगोत्री हाईवे भटवाड़ी से हेलगूगाड़ तक जगह-जगह पांच स्थानों पर भूस्खलन के कारण बाधित रहा। यहां बीआरओ की मशीनें हाईवे से मलबा और बोल्डर हटाने के काम में लगी हैं, लेकिन बारिश के कारण हाईवे पर यातायात सुचारु करने में दिक्कतें आ रही हैं। वहीं यमुनोत्री हाईवे पर ओजरी डाबरकोट में पहाड़ी से रुक-रुककर मलबा व बोल्डर आ रहे हैं जिससे यहां बार-बार आवाजाही बाधित हो रही है।

मंगलवार देर शाम को ओजरी डाबरकोट को सुचारु आवाजाही के लिए खोला गया। वहीं गंगोत्री हाईवे पर करीब डेढ़ हजार यात्री आवाजाही सुचारु होने का इंतजार कर रहे हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया कि गंगोत्री हाईवे खोलने के लिए बीआरओ की मशीनें लगातार काम कर रही हैं। जल्द मार्ग खोलने के प्रयास जारी हैं।

ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर रत्नोगाड़ में करीब 100 मीटर हिस्से में रुक-रुककर भूस्खलन हो रहा है। पहाड़ी से गिर रहे बोल्डर और मलबे से जहां हाईवे पर आवाजाही खतरनाक बनी हुई है वहीं रत्नों गांव के लोगों के खेतों में गिरने से धान की खड़ी फसल बरबाद हो रही है। ग्रामीणों ने सड़क किनारे सुरक्षा दीवार निर्माण करने की मांग की है।

रत्नोगाड़ में भूस्खलन जोन पिछले एक साल से सक्रिय है लेकिन पिछले तीन दिनों से यहां पहाड़ी से रुक-रुककर हर दिन मलबा और पत्थर गिर रहे हैं। मलबा और बोल्डर गिरने से बीते दिन 20 घंटे तक हाईवे यातायात के लिए बाधित रहा। मलबा साफ कर बीआरओ ने किसी तरह से वाहनों का संचालन शुरू करवा दिया है लेकिन यह मलबा अब रत्नों गांव के खेतों के लिए मुसीबत बन गया है।

प्रधान गबर सिंह नेगी ने बताया कि मलबा और पत्थर धान के खेतों में गिर रहे हैं जिससे फसल बर्बाद हो गई है। उन्होंने बताया कि सड़क के नीचे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. शंकर सिंह पंवार की स्मृति में अमृत सरोवर का निर्माण किया गया है। वहां भी हाईवे का मलबा और पत्थर गिर रहे हैं। सावित्री देवी के खेतों में भारी मात्रा में मलबा गिरने से फसल को नुकसान पहुंचा है। आजाद सिंह नेगी ने सड़क के नीचे सुरक्षा दीवार निर्माण करने की मांग की है।

# उत्तराखंड के बीरोंखाल में हुआ दर्दनाक हादसा, हादसे में 2 की मौत



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी, 20 सितम्बर। पौड़ी जिले के कोटद्वार बैजरो मोटर मार्ग पर के कोलादरिया के पास एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई है. कार सवार दो लोगों की घटना स्थल पर मौत हो गई. जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है. घायल को बीरोंखाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया है.मामला पौड़ी जिले के बीरोंखाल का है। जहाँ एक दुर्घटना सामने आए है।

आपको बता दे की बीरोंखाल के पास एक कार के खाई में गिर जाने से कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है. घायलों को बिरोंखल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घटना के अनुसार गाजियाबाद के प्रखंड थलीसैंण ग्राम कोलिदा निवासी 55 वर्षीय कुंदन ने कार बुक कर देर रात चालक रोहित पुत्र सत्यनारायण निवासी सब स्टेशन सेक्टर 56 नोएडा यूपी, गाजियाबाद के साथ थालीसैंण पौड़ी के लिए प्रस्थान किया. सुबह करीब छह बजे जब वह कोटद्वार पहुंचे तो बिरखाल प्रखंड गांव दजेरा निवासी 35 वर्षीय सुनील सिंह ने उनसे लिफ्ट मांगी. इसके बाद तीनों थलीसैंण के लिए रवाना हो गए। जानकारी के मुताबिक कार जैसे ही बिरखल के कोलादरिया के पास पहुंची, कार अनियंत्रित होकर 50 मीटर गहरी खाई में जा गिरी.हादसे में चालक रोहित और थलीसैंण निवासी कुंदन की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया. सुनील को बीरोंखाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया है. हादसे का कारण चालक को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है. वहीं, जहां हादसा हुआ वहां से 10 किमी दूर ही सुनील का गांव था, जहां के लिए उसने लिफ्ट मांगी थी. लेकिन घर पहुंचने से पहले ही कार हादसे का शिकार हो गई.

# राजधानी में पांच दिन कई रूट रहेंगे डायवर्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 20 सितम्बर। राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज के आयोजन के चलते आज से पांच दिन तक रायपुर में स्टेडियम और इसके आसपास के क्षेत्र में कई रूट डायवर्ट रहेंगे। यातायात पुलिस ने यह व्यवस्था आमजन और क्रिकेट मैच देखने जाने वालों को परेशानी से बचाने के लिए की है।

जारी किए गए यातायात प्लान के अनुसार, मैच शुरू होने से तीन घंटा पहले थानो रोड से स्टेडियम की तरफ वाहनों की आवाजाही बंद कर दी जाएगी। सिर्फ उन्हीं वाहनों को स्टेडियम की तरफ जाने दिया जाएगा, जिनमें सवार व्यक्तियों के पास मैच के टिकट होंगे। शेष वाहन थानो चौक से डोईवाला की तरफ डायवर्ट किए जाएंगे।

इसी तरह मालदेवता से भी रायपुर की तरफ कोई वाहन नहीं आएगा। मैच देखने आने वालों को ही जाने दिया जाएगा। शेष वाहनों को काले गांव मोड़ से किरसाली चौक की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। यह व्यवस्था मैच की समाप्ति के बाद तक जारी रहेगी।

वहीं, दोपहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था अलग-अलग की गई है। चार पहिया वाहनों की पार्किंग स्टेडियम से दूर, जबकि दोपहिया वाहनों की पार्किंग स्टेडियम के नजदीक बनाई गई है। इसलिए परेशानी से बचने को दोपहिया वाहनों का प्रयोग करें।

**स्टेडियम जाने के लिए मार्ग**

प्रथम मार्गः सहस्त्रधारा क्रांसिग से लाडपुर, रायपुर बाजार, शिव मंदिर, महाराणा प्रताप चौक होते हुए।

द्वितीय मार्गः छह नंबर पुलिया से किद्दूवाला, शिव मंदिर, महाराणा प्रताप चौक होते हुए।



तृतीय मार्गः रिंग रोड से आइटी पार्क, किरसाली चौक, काले गांव होते हुए मालदेवता रोड से महाराणा प्रताप चौक होकर।

प्रवेश की व्यवस्था

गेट नंबर एकः वीआइपी पास धारक व मीडिया।

गेट नंबर दोः वीवीआइपी, खिलाड़ी और अधिकारीगण।

गेट नंबर तीनः अन्य सभी को प्रवेश।

यहां होंगे बैरियर प्वाइंट

पुलिया नंबर छह

शिव मंदिर तिराहा

महाराणा प्रताप चौक

मालदेवता रोड

आर्डिनेंस फैक्ट्री ग्राउंड तिराहा

थानो चौक

काले गांव तिराहा

पार्किंग व्यवस्था

पासधारक, मीडिया व अधिकारीगणों की पार्किंग स्पोर्ट्स कालेज के अंदर बनी पार्किंग में होगी।

गेट नंबर एक और तीन के पास चार पहिया वाहनों की पार्किंग होगी। गेट नंबर तीन के पास पार्किंग स्थल फुल हो जाने पर महाराणा प्रताप चौक पर बैरियर लगा दिया जाएगा। इसके बाद मालदेवता रोड पर खाली मैदान में वाहनों की पार्किंग होगी।

# PDF फाइल को एडिट कैसे करें, ये है आसान तरीका

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 21 सितंबर , मौजूदा दौर में हम पढ़ने के लिए सबसे ज्यादा पीडीएफ फाइल्स का इस्तेमाल करते हैं. न्यूज हो या फिर कोई किताब लोग इनको अब पीडीएफ फाइल में ही पढ़ना पसंद करते हैं. दरअसल, पोर्टेबल डॉक्यूमेंट फाइल ( PDF ) एक ऐसी पोर्टेबल फाइल डॉक्यूमेंट है, जिसे आप कहीं पर भी आसानी से पढ़ सकते हैं.अगर आपके पास भी कोई पीडीएफ फाइल है और आप उसके कंटेंट में कुछ बदलाव करना चाहते हैं, तो आज हम आपको बताने वाले हैं कि आप कैसे पीडीएफ फाइल को एडिट कर सकते हैं, तो चलिए आपको बताते हैं कि PDF क्या है और उसे कैसे एडिट किया जा सकता है.






**PDF file क्या है ?**

PDF एक फाइल फॉर्मेट है जो आपके फाइल को एक पोर्टेबल फाइल जैसे की कोई टेक्स्ट फाइल , फोटोज , वर्ड डॉक्यूमेंट आदि को एक Readable फाइल में कन्वर्ट करता है. इसके बाद आप इस फाइल को इंटरनेट की मदद से कहीं पर भी भेजा जा सकता है. इस फाइल को आसानी से पढ़ा जा सकता है, लेकिन इसके लिए आपको पीडीएफ रीडर सॉफ्टवेर की जरूरत होगी. इस सॉफ्टवेयर की मदद से ही आप इस फाइल को ओपन कर सकते हैं और उसे Edit भी कर सकते हैं

**PDF फाइल को ऑनलाइन एडिट करना बेहतर विकल्प**

बता दें कि पीडीएफ फाइल को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से एडिट किया जा सकता है. हालांकि कई बार पीडीएफ फाइल ऑफलाइन एडिट नहीं हो पाती है. इसलिए पीडीएफ को ऑनलाइन एडिट करना अच्छा विकल्प है. पीडीएफ फाइल को ऑनलाइन वेबसाइट की मदद से एडिट किया जा सकता है. आज कल कई वेबसाइट मौजूद हैं, जो पीडीएफ को ऑनलाइन एडिट करती हैं. PDF फाइल में आप किसी भी डॉक्यूमेंट को आसानी से रख सकते हैं. आप इसमें कोई भी इम्पोर्टेन्ट डॉक्यूमेंट सेव करके गूगल ड्राइव या फिर कही भी ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं, और जब चाहे तब उसको एडिट कर सकते हैं.

# जानिए एप्पल साइडर विनेगर और इसके फायदों के बारे में

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हमने अक्सर वजन घटाने पर एप्पल साइडर विनेगर के अद्भुत प्रभावों के बारे में सुना है और यह कैसे स्वास्थ्यप्रद पेय में से एक है। एसिटिक एसिड से युक्त, इस प्राकृतिक रूप से किण्वित पेय के बहुत सारे स्वास्थ्य लाभ हैं और जो लोग इसे नियमित रूप से उपयोग करते हैं वे इसकी कसम खाते हैं। सेब साइडर सिरका के प्रसिद्ध लाभों में से एक वजन घटाने में सहायता करने की क्षमता है। यह रक्त शर्करा के स्तर को कम करने और मधुमेह का प्रबंधन करने के लिए भी जाना जाता है। तो क्या कोई विशेष समय है जब सेब के सिरके का सेवन करना सबसे ज्यादा फायदेमंद होता है ?

बहुत से लोगों को यह सुबह सबसे पहले होता है। वसा जलने में तेजी लाने के लिए जाना जाता है, इसे अक्सर वजन पर नजर रखने वालों के लिए एक पवित्र कब्र माना जाता है। लेकिन सेब के सिरके का सेवन करने का सही समय क्या है ? हम इसे आपके लिए डिकोड करते हैं।

सेब साइडर सिरका ( एसीवी ) लेने का सबसे अच्छा शर्त सुबह रहता है, हालांकि इसका समर्थन करने के लिए कोई विशिष्ट प्रमाण नहीं है। कई स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि चूंकि यह एक डिटॉक्सिफाइंग एजेंट है, इसलिए खाली पेट एसीवी रखने से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद मिलती है।लेकिन कई बार ऐसा भी होता है जब आपके पास ACV हो सकता है। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि सेब साइडर सिरका कम मात्रा में पीने और उच्च कार्ब वाले भोजन से ठीक पहले पानी में मिलाकर पीने से रक्त शर्करा के स्तर में वृद्धि कम हो सकती है।



रात के खाने के बाद, कई विशेषज्ञों द्वारा पीसीओएस को नियंत्रित करने के लिए सेब के सिरके को पानी में मिलाकर पीने का सुझाव दिया गया है। सेब का सिरका पीने से भी आप तृप्त महसूस करते हैं। इसलिए भारी भोजन से पहले इसे खाने से आपको कम कैलोरी का उपभोग करने में मदद मिलती है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है।जब भी आप ACV का सेवन कर रहे हों तो कुछ सावधानियों का पालन करना न भूलें। इसे कभी भी अंदर नहीं लेना चाहिए और इसका सेवन करने से पहले इसे हमेशा पानी से पतला कर लें। अतिरिक्त वजन घटाने-सहायक लाभों के लिए, शहद, अदरक या नींबू जैसे योजक अद्भुत काम करते हैं।

**सेब के सिरके के 5 फायदे**

- वजन घटाने में मदद करता है- मधुमेह का प्रबंधन करता है
- पीसीओएस के प्रबंधन के लिए अच्छा है
- स्वस्थ त्वचा के लिए अच्छा है
- लंबे, चमकदार बाल और स्वस्थ खोपड़ी को बढ़ावा देता है

# Social Media समेत अन्य प्लेटफॉर्म पर नजर रखेगा सेबी







न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 21 सितंबर , भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड ( SEBI ) कृत्रिम मेधा ( एआई ) का इस्तेमाल कर वेब इंटेलिजेंस के जरिये सोशल मीडिया और अन्य मंचों पर निगरानी बढ़ाने की तैयारी कर रहा है. सेबी का मुख्य उद्देश्य इंडिविजुअल, ग्रुप्स और अन्य प्लेटफॉर्म द्वारा अलग-अलग सिक्योरिटी कानूनों के उल्लंघन की जांच के लिए वेब इंटेलिजेंस टूल के माध्यम से सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफार्मों की निगरानी को बढ़ावा देना है. सेबी ने पब्लिक नोटिस में वेब इंटेलिजेंस को लागू और शुरू करने और उसके रख-रखाव के लिए सॉल्यूशन प्रोवाइडर्स से एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट ( EOI ) आमंत्रित किये हैं.

**क्या है सेबी का प्लान**

मार्केट रेगुलेटर सेबी का कहना है कि पिछले कुछ सालों में इंटरनेट का उपयोग तेजी से बढ़ा है. इसके कारण इंटरनेट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध अव्यवस्थित या बिखरे डेटा में भारी इजाफा हुआ है. अव्यवस्थित डेटा में वीडियो और ऑडियो फाइल, सोशल मीडिया पोस्ट आते हैं. सेबी ने कहा कि इस अव्यवस्थित डेटा में अलग-अलग संस्थाओं, व्यक्तियों, समूहों और विभिन्न प्रतिभूति कानूनों के उल्लंघन से संबंधित विषयों के बारे में गहन जांच से जुड़ी जानकारी प्रदान करने की क्षमता है.

# नौकरशाह और मंत्री निजी अस्पतालों में क्यों करा रहे इलाज़ : यशपाल आर्य, नेता विपक्ष

**आशीष तिवारी की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 20 सितंबर। उत्तराखंड के स्वास्थ्य महानिदेशकडॉक्टर शैलजा भट्ट को बीती शुक्रवार सुबह एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी. वहीं डीजी हेल्थ के प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती होने के बाद प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में हैं. नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने इस मुद्दे को लेकर सरकार पर निशाना साधा है.उत्तराखंड की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था ठीक करने के लिए लगातार मांग उठती रही है, लेकिन आश्वासन के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं. जहां प्रदेश की आम जनता सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था के सहारे है तो वहीं प्रदेश के नौकरशाह और मंत्री निजी अस्पतालों में अपना इलाज करा रहे हैं. स्वास्थ्य महानिदेशक डॉक्टर शैलजा भट्ट सड़क हादसे में घायल होने के बाद निजी अस्पताल में अपना इलाज करवा रही हैं.



इस पर विपक्ष पूरी तरह से हमलावर हो गया है.नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा है कि जिस तरह से मंत्री और स्वास्थ्य विभाग की मुखिया शैलजा भट्ट निजी अस्पताल में अपना इलाज करवा रही हैं, इससे सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खुल रही है. उन्होंने कहा कि साफ जाहिर हो रहा है कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो चुकी है.मंत्रियों और अधिकारियों को भी सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर विश्वास नहीं है. जिससे वह अपना इलाज प्राइवेट अस्पतालों में करवा रहे हैं. यशपाल आर्य ने कहा है कि जिस तरह से प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था खराब हो चुकी है, वह किसी से छुपी नहीं है. सबसे बुरा हाल पहाड़ों पर है, जहां लोगों को इलाज नहीं मिल पा रहा है.

# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग ने प्रथम चरण की परीक्षाओं का कैलेण्डर निर्धारित किया



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 20 सितंबर। उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ० राकेश कुमार की अध्यक्षता में दिनांक 20 सितम्बर, 2022 को आयोग की बैठक में शासन द्वारा सन्दर्भित की गई विभिन्न समूह ग की परीक्षाओं के विज्ञापन प्रकाशन एवं प्रस्तावित परीक्षा तिथि निर्धारित की गयी है।निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार पुलिस आरक्षी-पीएसी/आई.आर.बी/अग्निशामक की विज्ञापन प्रकाश तिथि 07 अक्टूबर, 2022 और परीक्षा तिथि 18 दिसम्बर, 2022 निर्धारित की गई है।

राजस्व उप निरीक्षक/लेखपाल की विज्ञापन प्रकाश तिथि 14 अक्टूबर, 2022 और परीक्षा तिथि 08 जनवरी, 2023 निर्धारित की गई है।वन आरक्षी की विज्ञापन प्रकाशन तिथि 21 अक्टूबर, 2022 तथा परीक्षा तिथि 22 जनवरी, 2023 निर्धारित

- **पारदर्शिता के साथ परीक्षाओं के जल्द आयोजन के लिए उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की युद्धस्तर पर तैयारियां: डॉ राकेश कुमार**
- **उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की बैठक में पहले चरण की परिक्षाओ की तिथियां निर्धारित**

की गई है।सहायक लेखाकार/लेखा परीक्षक की विज्ञापन प्रकाश तिथि 28 अक्टूबर, 2022 एवं परीक्षा तिथि 12 फरवरी, 2023 निर्धारित की गई है।बैठक में सदस्यगण प्रो. (डॉ) जगमोहन सिंह राणा, डॉ० रवि दत्त गोदियाल, अनिल कुमार राणा, नन्दी राजू श्रीवास्तव, डॉ० ऋचा गौड़ एवं आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत, परीक्षा नियंत्रक एस०एल० सेमवाल, विधि सलाहकार श्रीमती सविता चमोली तथा उपसचिव डॉ० प्रशान्त उपस्थित रहे। उक्त बैठक में अन्य महत्वपूर्ण निर्णयों के साथ-साथ शासन द्वारा सन्दर्भित की गई विभिन्न समूह ग की परीक्षाओं के विज्ञापन प्रकाशन एवं प्रस्तावित परीक्षा तिथि निम्न प्रकार निर्धारित की गयी है।आयोग के अध्यक्ष डॉ राकेश कुमार ने मुख्य सचिव डॉ एस एस संधु से भेंट की। डॉ कुमार ने कहा कि शासन और विभागीय नियमावलियो के अनुसार पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षाओं के आयोजन के लिए आयोग युद्धस्तर पर पुख्ता तैयारियां कर रहा है। अभी प्रथम चरण की परिक्षाओ की तिथियों का निर्धारण किया गया है। जल्द ही अन्य परिक्षाओ की तिथियां भी निर्धारित की जाएंगी। मुख्य सचिव ने कहा कि शासन द्वारा आयोग को हर प्रकार से सहयोग किया जाएगा।

# ध्रुव डाबर ने किया उत्तराखंड का नाम रोशन मिला राष्ट्रीय इंस्पायर अवार्ड

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

आपको पहले बता दे क्या है राष्ट्रीय इंस्पायर अवार्ड। यह अवार्ड विद्यार्थियों के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नवाचारी प्रोत्साहन के लिए दिया जाता है। इसमें पुरस्कार तो मिलता ही है साथ ही राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित प्रतिभागियों के माडल को आइआइटी व एनटीए संस्थानों में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में दिखाया जाता है। खटीमा निवासी ध्रुव डाबर ने नेशनल इंस्पायर अवार्ड में उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। तालाबों में उगने वाली काई के निस्तारण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर ध्रुव के मॉडल का चयन किया गया है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड से 10 छात्रों के मॉडल का चयन किया गया। जिसमें ध्रुव डाबर के मॉडल को उत्तराखंड से चुना गया।





बता दें कि तालाबों में यूट्रोफिकेशन एक बड़ी समस्या है। इससे पानी में कार्बनिक ऑक्सीजन की मांग बढ़ जाती है। काई के संचय के कारण, तालाबों में ऑक्सीजन की कमी होती है। जिसके कारण उसमें रहने वाले जलीय जीवों का कारण बहुत परेशानी होती है। इस समस्या के मद्देनजर, ध्रुव डबुर ने मैग्नीशियम क्लोराइड का उपयोग करके मॉस को उर्वरक में बदल दिया है। ध्रुव के इस मॉडल के लिए नेशनल इंस्पायर अवार्ड दिया गया है।

ध्रुव डाबर उत्तराखंड से इंस्पायर अवार्ड पाने वाले एकमात्र युवा वैज्ञानिक हैं। ध्रुव के इस मॉडल का सरकार पेटेंट करा रही है। इंस्पायर अवार्ड कक्षा 8 से 10 तक के छात्रों को दिया जाता है। ध्रुव डाबर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ गुरु हिमांशु पगरिया और सर्राफ पब्लिक स्कूल को दिया है।

नेशनल इंस्पायर अवार्ड विजेता ध्रुव डाबर का कहना है कि इस मॉडल के जरिए आने वाले समय में देश को जैविक खाद बहुत सस्ते दामों पर उपलब्ध होगी. साथ ही इस खाद से किसानों को काफी फायदा होगा, क्योंकि यह बेहतरीन से बनी है और इसमें काफी खर्च आएगा। ध्रुव फिलहाल सर्राफ पब्लिक स्कूल में 11वीं का छात्र है।

# जाखण नदी के साथ लगे हुए क्षेत्रो में भारी तबाही का आप नेता राजू मौर्य 'केतन' ने किया दौरा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

डोईवाला, 20 सितम्बर। बरसात के दौरान डोईवाला विधानसभा में जाखण नदी के साथ लगे हुए क्षेत्रो में भारी तबाही हुई है कई जगह पर मुख्य मार्ग बह गए हैं मंगलवार सुबह डोईवाला विधानसभा के पूर्व आप प्रत्याशी राजू मौर्य 'केतन' ने शेरगढ़ चांदी मुख्य मार्ग का निरीक्षण किया यह मुख्य मार्ग पूरी तरह से लगभग 400 मीटर बह गया है। इस मार्ग के बह जाने से शेरगढ़ और चांडी का संपर्क पूरी तरह से टूट गया है ग्राम वासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है

राजू मौर्य 'केतन' ने कहा कि इस वक्त नदी का पानी पूरी तरह से सूख गया है इसके बावजूद अब तक पुस्ता लगाकर सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया है। लंबे समय से आम आदमी पार्टी और विधानसभा की जनता नदी के साथ पुस्ता लगाने की मांग कर रही है मगर भाजपा और कांग्रेस के विधायकों की उदासीनता के चलते किसान लगातार हर वर्ष अपनी कई बीघा जमीन इस नदी के कटाव से खोते जा रहे हैं। इस क्षेत्र से पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और कांग्रेस से पूर्व मंत्री हीरा सिंह बिष्ट विधायक रह चुके हैं वर्तमान में भी भाजपा से यहां विधायक हैं इसके बावजूद चुनाव बीत जाने के बाद एक बार भी वह इस क्षेत्र में नहीं आए हैं इस बात को लेकर जनता में भारी आक्रोश है इतने लंबे समय तक मुख्य मार्ग को ठीक ना किए जाना अपने आप में एक बड़ी लापरवाही है

राजू मौर्य 'केतन' ने कहा कि इस सड़क के जल्द निर्माण के लिए वह एसडीएम से मिलेंगे इसके साथ ही उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को चेतावनी दी कि यदि इस मार्ग पर जल्द नहीं बनाया गया तो वह विधायक आवास का घेराव करेंगे इस मौके पर डोईवाला विधानसभा के प्रभारी विजय पाठक सह प्रभारी जसवीर सिंह पूर्व पार्षद एव सोशल मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा डोईवाला विधानसभा उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह वरिष्ठ नेता कश्मीरी लाल विधानसभा उपाध्यक्ष संपन्न सैनी अर्चित सैनी अंकित पाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे



# MMS या VIDEO लीक होने पर उसे हर जगह से कैसे हटवाएं, आसान और सही तरीका जानिए




महविश की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 20 सितंबर। आप किसी MMS या आपत्तिजनक वीडियो/फोटो को किसी भी साइट से हटा सकते हैं. वीडियो लीक होते ही उन्हें कई वेबसाइट्स पर भी अपलोड कर दिया जाता है, जिसके बाज यह तेजी से शेयर होता है. हालांकि आप कुछ स्टेप्स को फॉलो करके इन वीडियो या फोटो को डिलीट करा सकते हैं.ज्यादातर वेबसाइट कॉपीराइट पॉलिसी को फॉलो करती हैं. इस वजह से वो ऐसे पोस्ट को तुरंत हटा देती हैं. इसके लिए आपको वेबसाइट के ओनर से संपर्क करना होगा. वेबसाइट के ओनर के बारे में पता लगाने के लिए आप थर्ड पार्टी वेबसाइट www.whois.com की मदद ले सकते हैं. इसमें किसी भी साइट का डोमेन नेम डालने पर उसकी पूरी डिटेल्स मिल जाती है.

अगर Video या Photo किसी पोर्न साइट (Porn Site) पर अपलोड किया गया है तो उसको हटाना और भी आसान है. इसके लिए वीडियो के नीचे रिपोर्ट करने का ऑप्शन दिया जाता है. इससे आप किसी वीडियो को लेकर और उसको क्यों हटवाना चाहते हैं उसके बारे में जानकारी देकर सबमिट कर सकते हैं. इसके कुछ देर बाद वीडियो को डिलीट कर दिया जाता है.



गूगल सर्च रिजल्ट से आपत्तिजनक फोटो या वीडियो हटाने के लिए आपको https://support.google.com/websearch/troubleshooter/3111061#ts=2889054%2C2889099%2C2889 10This साइट पर जाना होगा.

अगर आपकी मर्जी के खिलाफ कोई फोटो या वीडियो किसी ब्लॉग पर नजर आ रहा है तो उसे भी आप हटा सकते हैं. इसके लिए आपको https://support.google.com/blogger/contact/private_info पर जाना होगा.

वीडियो वायर की शिकायत पर पुलिस भी आपकी मदद करती है. अगर कोई वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर है तो पुलिस सबसे पहले अपने फॉरेंसिक टूल का इस्तेमाल करके उसके Host वेबसाइट का पता करती है. इसके बाद साइबर यूनिट (Cyber Unit) ये पता लगाती है किन सोशल मीडिया नेटवर्क या माइक्रो ब्लॉग्गिंग पर ये फुटेज है. उन्हें चिह्नति कर हटाने का निर्देश दिया जाता है. अगर वह नहीं हटाते हैं तो पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई भी कर सकती है.

# उत्तराखंड में छाया डेंगू का कहर, देहरादून में सबसे ज्यादा मामले



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड में डेंगू के मामलों में भारी वृद्धि देखी गई है, कथित तौर पर इसकी राजधानी देहरादून में 500 का आंकड़ा पार कर गया है, यहां तक कि देश की राष्ट्रीय राजधानी में भी इस वर्ष के 25% मामले केवल एक सप्ताह में दर्ज किए गए हैं।

दिल्ली में डेंगू के मामलों में भारी उछाल दर्ज किया गया है, पिछले एक सप्ताह में 100 से अधिक लोगों में संक्रमण का पता चला है, जिससे शहर में इस साल अब तक वेक्टर जनित बीमारी की संख्या लगभग 400 हो गई है।

सोमवार को जारी नगर निकाय की रिपोर्ट के मुताबिक अकेले इसी महीने में 17 सितंबर तक 152 मामले सामने आए हैं.गौरतलब है कि उत्तराखंड के स्वास्थ्य सचिव आर राजेश कुमार ने सोमवार को कहा कि इस साल राज्य में एक भी डेंगू से मौत नहीं हुई है, साथ ही दिल्ली में भी इस साल इस बीमारी से अब तक किसी की मौत नहीं हुई है. जबकि दिल्ली में 9 सितंबर तक डेंगू के 295 मामले दर्ज किए गए थे और पिछले एक सप्ताह में 101 नए मामले सामने आए हैं। डेंगू से



लड़ने के लिए हम सबको आगे आना होगा कीट विकर्षक का प्रयोग करें, लंबी बाजू की शर्ट और लंबी पैंट पहनें, और अपने घर के अंदर और बाहर मच्छरों को नियंत्रित करें।

# क्रिकेट के ये नियम आ गए, आईसीसी ने किया ऐलान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

लार पर परमानेंट बैन, कोविड-19 महामारी के फैलने के बाद जब क्रिकेट शुरू हुआ था तो लार (saliva) पर अस्थायी रूप से बैन लगाया गया था, मगर अब लार को परमानेंट बैन कर दिया गया है।

आईसीसी ने मंगलवार को उन नियमों की सूची जारी की है जो 1 अक्टूबर 2022 से बदलने वाले हैं। भारतीय पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के नेतृत्व वाली पुरुष क्रिकेट समिति ने एमसीसी के 2017 के क्रिकेट के नियमों के तीसरे संस्करण में खेलने की स्थिति में बदलाव की सिफारिश की। निष्कर्षों को महिला क्रिकेट समिति के साथ भी साझा किया गया, जिन्होंने सिफारिशों का समर्थन किया। नए नियम 1 अक्टूबर 2022 से लागू होंगे जिसका मतलब है कि अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में होने वाला आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप इन नए नियमों के आधार पर खेला जाएगा।



-बल्लेबाज के कैच आउट होने पर भी नया बैटर स्ट्राइक पर आएगा। अभी तक ऐसा होता था कि कैच के दौरान स्ट्राक बदलने पर नया बल्लेबाज दूसरे छोर पर आता था।

- नए बल्लेबाज को टेस्ट और वनडे में स्ट्राइक दो मिनट में लेनी होगी, वहीं टी20 में इसकी समय सीमा 90 सेकंड की है। पहले बल्लेबाज के आउट होने के बाद नए खिलाड़ी को टेस्ट और वनडे में तीन मिनट का समय मिलता था। अगर बल्लेबाज ऐसा करने में असफल रहता है तो फील्डिंग कप्तान टाइम आउट की मांग कर सकता है।

- अगर गेंद पिच से बाहर गिरती है तो नये नियम के तहत बल्लेबाज के बल्ले का कुछ हिस्सा या उसके पिच के भीतर रहने पर उसे गेंद को खेलने का अधिकार होगा. उसके बाहर जाने पर अंपायर डेड गेंद का इशारा करेंगे. पिच छोड़ने के लिये मजबूर करने वाली कोई भी गेंद नोबॉल होगी.

- गेंदबाज के बॉल फेंकने के दौरान अगर कोई अनुचित और जानबूझकर किसी तरह की मूवमेंट की जाती है तो उसे अंपायर द्वारा डेड बॉल दिया जाएगा, इसके अलावा बल्लेबाजी टीम को 5 रन पेनल्टी के रूप में मिलेंगे।

- यदि कोई गेंदबाज अपनी डिलीवरी स्ट्राइड में प्रवेश करने से पहले स्ट्राइकर को रन आउट करने के प्रयास में गेंद फेंकता है तो वह अब डेड बॉल होगी। यह एक अत्यंत दुर्लभ सेनेरियो है, जिसे अब तक नो बॉल कहा जाता रहा है।

- टी20 की तरह अब वनडे क्रिकेट में भी तय समय पर ओवर पूरे ना किए जाने पर फील्डिंग टीम को एक अतिरिक्त फील्डर 30 गज के घेरे के अंदर रखना होगा।

# क्या आप सचिन तेंदुलकर को खेलता देखना चाहते हैं?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

अगर आप सचिन तेंदुलकर को खेलते हुए देखना चाहते हैं तो 22 सितंबर 2022 इस तारीख को अपने कैलेंडर में अंकित कर लें। देहरादून राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में नजर आ सकते हैं सचिन तेंदुलकर। 22 सितंबर को इंडिया लीजेंड्स बनाम न्यूजीलैंड लीजेंड्स खेला जा रहा है। सचिन तेंदुलकर एंड कंपनी ने सोमवार को इंदौर के होल्कर क्रिकेट स्टेडियम में रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज के मैच नंबर 12 में न्यूजीलैंड लीजेंड्स के साथ हॉर्न बजाए। रॉस टेलर ने टॉस जीता और न्यूजीलैंड लीजेंड्स ने क्षेत्ररक्षण का विकल्प चुना। तेंदुलकर की अगुवाई वाली इंडिया लीजेंड्स ने होल्कर क्रिकेट स्टेडियम में बारिश के खेल को बिगाड़ने से पहले 5.5 ओवर में 49 रन बनाए। आउटफील्ड गीली होने के कारण मैच में देरी हुई। बारिश का अंतिम प्रभाव था क्योंकि सोमवार को मैच वॉशआउट में समाप्त हुआ।3 मैचों में चार अंकों के साथ, तेंदुलकर की इंडिया लीजेंड्स अभी भी रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज़ T20 स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर है। बारिश से प्रभावित प्रतियोगिता से पहले, न्यूजीलैंड लीजेंड्स रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज़ टी 20 पॉइंट टेबल पर इंग्लैंड लीजेंड्स और बांग्लादेश लीजेंड्स की पसंद से ऊपर थे।






# उत्तराखंड में सितंबर में अब तक 22 फीसदी अतिरिक्त बारिश हुई है : क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

मानसून के मौसम के पहले तीन महीनों, जून, जुलाई और अगस्त में बारिश की कमी देखी गई, सितंबर विपरीत साबित हो रहा है, राज्य में औसत से अधिक बारिश दर्ज की गई है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, उत्तराखंड में सितंबर में अब तक 22 फीसदी अतिरिक्त बारिश हुई है। राज्य में पिछले तीन महीनों में बारिश की कमी दर्ज की गई है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने येलो अलर्ट जारी किया है और 23 सितंबर तक उत्तराखंड की पहाड़ियों में छिटपुट स्थानों पर गरज-चमक और बारिश की गतिविधि की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा, ₹इसके बाद बारिश कम होने लगेगी।₹ 1 से 19 सितंबर के बीच, उत्तराखंड में सामान्य 144 मिमी के मुकाबले 175.1 मिमी बारिश हुई, जो +22% की गिरावट दर्ज करती है। उत्तरकाशी, पौड़ी गढ़वाल और हरिद्वार को छोड़कर बाकी जिलों में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई।बागेश्वर में सबसे अधिक 282% अतिरिक्त बारिश हुई, इसके बाद चमोली में 71%, उधम सिंह नगर में 69%, चंपावत में 39%, पिथौरागढ़ में 33%, देहरादून में 16% और अल्मोड़ा में 13% बारिश हुई।क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने कहा, ₹दीर्घकालिक पूर्वानुमान में, मौसम केंद्र ने सितंबर में औसत से अधिक बारिश की भविष्यवाणी की थी। अब तक, इस महीने राज्य में अच्छी बारिश दर्ज की गई है।₹कुल मिलाकर, उत्तराखंड वर्तमान में दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम में 8% बारिश की कमी से जूझ रहा है, जो मौसम कार्यालय मानकों के अनुसार सामान्य श्रेणी के अंतर्गत आता है। मानसून का मौसम आधिकारिक तौर पर 30 सितंबर को समाप्त होता है।



# देवबंद-रूड़की नई रेल लाईन के लिये चार गांवों की अधिग्रहित भूमि के मुआवजे के लिए रेल मंत्रालय ने 28 करोड़ 31 लाख की राशि स्वीकृत की



देहरादून 20 सितम्बर। रेल मंत्रालय द्वारा देवबंद-रूड़की नई रेल लाईन के लिए हरिद्वार जिले के चार गांवों की अधिग्रहित की गयी भूमि के स्वामियों को मुआवजे की निर्धारित राशि ₹28.31 करोड़ स्वीकृत की गई है।केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्र लिखकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने पत्र के माध्यम से और फिर 06 अगस्त 2022 को रेल मंत्री से हुई चर्चा के दौरान इसका अनुरोध किया था। धनराशि स्वीकृत करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया है।

# श्रीनगर में लौटा मल्टीप्लेक्स का दौर, दिखेंगी बॉलीवुड की फिल्में

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 20 सितंबर , कश्मीर घाटी में बड़े पर्दे पर फिल्म देखने का इंतजार अब खत्म हो गया है। श्रीनगर के सोनमर्ग में मंगलवार को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पहले मल्टीप्लेक्स सिनेमा हॉल का उद्घाटन किया। कश्मीर के पहले मल्टीप्लेक्स में 520 सीटों की कुल क्षमता वाले तीन सिनेमाघर होंगे। स्थानीय व्यंजनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से परिसर में एक फूड कोर्ट भी होगा।

मल्टीप्लेक्स का उद्घाटन करते हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि वे दिवंगत अभिनेता शम्मी कपूर को इस अवसर पर श्रद्धांजलि देते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि विज्ञान अगर खोज है, तो कला उसकी अभिव्यक्ति है। जिन्हें लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने की जिम्मेदारी दी गई थी, उन्होंने इसके विपरीत किया, लेकिन अब समय बदल रहा है।

प्रतिष्ठित निजी स्कूल के मालिक विजय धर ने कहा कि मल्टीप्लेक्स को मंगलवार को आमिर खान अभिनीत लाल सिंह चड्ढा की विशेष स्क्रीनिंग के साथ जनता के लिए खोल दिया गया । 30 सितंबर से ऋतिक रोशन और सैफ अली खान अभिनीत विक्रम वेधा की स्क्रीनिंग के साथ नियमित शो शुरू होंगे।






# केदारघाटी में लगातार बारिश, लैंडस्लाइड से तीर्थयात्री परेशान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट - 20 सितंबर , केदारघाटी में हो रही बारिश ने स्थानीय लोगों और यात्रियों की मुश्किलों को बढ़ा दिया है. एक ओर जहां केदारनाथ धाम की यात्रा चरम पर चल रही है, वहीं केदारघाटी में लगातार बारिश होने के बाद हो रहे भूस्खलन ने यात्रियों की दिक्कतें बढ़ा दी हैं. केदारघाटी में बारिश होने के बाद केदारनाथ हाईवे पर जगह-जगह भूस्खलन हो रहा है. जिस कारण हाईवे पर घंटों जाम लग रहा है और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है....

इन दिनों केदारघाटी में पिछले एक सप्ताह से लगातार बारिश जारी है. बारिश का सबसे बुरा असर केदारनाथ धाम की यात्रा पर पड़ रहा है. बारिश के कारण केदारनाथ हाईवे पर बांसबाड़ा और चन्द्रापुरी डेंजर जोनों पर भूस्खलन हो रहा है. बांसबाड़ा में पहाड़ी से लगातार मलबा गिरने के कारण हाईवे को खोलने में घंटों का समय लग रहा है. कई बार तो हाईवे की पहाड़ी बिना बारिश के ही दरक रही हैं. हाईवे पर हो रहे भूस्खलन के कारण केदारनाथ धाम जाने वाले तीर्थ यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है....



# एनआईटी दीक्षांत समारोह, में 23 मेधावी छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल मिलेगा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 20 सितंबर ,26 सितंबर को एनआईटी उत्तराखंड का तीसरा दीक्षांत समारोह आयोजित होने जा रहा है. जिसके लिए एनआईटी प्रशासन अपनी तैयारियों को फाइनल टच दे रहा है. कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मुख्य अतिथि होंगे. समारोह में 23 मेधावी छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल से पुरस्कृत किया जाएगा. ये सारे गोल्ड मेडल संस्थान के बीटेक और एमटेक के टॉपर छात्र-छात्राओं को दिए जाएंगे.

बता दें कि इससे पूर्व एनआईटी श्रीनगर का दीक्षांत समारोहकोविड के चलते ऑनलाइन आयोजित किया गया था. 26 सितंबर को होने वाले दीक्षांत समारोह को एनआईटी प्रशासन भव्य रूप देने जा रहा है. समारोह में डिग्री लेने वाले छात्रों को भारतीय पहनावे का ड्रेस कोड दिया गया है.

26 सितंबर को आयोजित होने वाले समारोह में 2 छात्रों को डायरेक्ट गोल्ड मेडल दिया जा रहा है. जबकि 9 बीटेक छात्रों और 12 एमटेक छात्रों को गोल्ड मेडल दिए जाएंगे. इस बार आयोजित समारोह में बीटेक के 399, एमटेक के 78, पीएचडी के 36 छात्रों को डिग्री दी जानी है. अब तक 159 छात्रों ने डिग्री के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है.







# भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच की मांग पर उक्रांद का अनिश्चितकालीन धरना जारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 20 सितंबर , उत्तराखंड क्रांति दल युवा प्रकोष्ठ का भर्ती घोटालों की सी० बी० आई० जाँच की मांग को लेकर अनिश्चित कालीन घरने का घंटाघर बडोनी जी की प्रतिमा में जारी रहा। क्रमिक अनशन पर उत्तरा पंत बहुगुणा तथा कैप्टन (रिटायर) सोबन सिंह सजवाण रहें।

इस अवसर पर वक्ताओं ने राज्य सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी कि उत्तराखंड भर्ती घोटालें जो व्यापम घोटालें से बड़ा घोटाला हैं। राज्य के निर्माण से ही सफ़ेदपोश नेताओं से लेकर हाकम सिंह जैसे दलाल पैसों लो लेकर भर्ती करवाते रहें है। उत्तराखंड में हुए भर्ती घोटालों के तार राज्य से बाहर जुड़े हुए हैं, अभी तक कि घोटालों में संलिप्त गिरफ्तारियों से स्पष्ट हैं कि घोटालों कि जांच सी बी आई से करायी जाय। वक्ताओं ने कहां कि भर्ती घोटालों कि सी बी आई जाँच कि मांग व इन भर्ती घोटालों में संलिप्त अभी तक सत्ता में रहें नेताओं दलालों कि पोलखोल अभियान उक्रांद जनता के बीच जाकर जन संपर्क अभियान करेगा। 9 अक्टूबर को मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम किया जाना हैं। जिसमें युवा उक्रांद के इस आह्वान पर दल के साथ-साथ अनेक सामाजिक संगठन, समान विचार धारा के संगठनों को साथ में लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाना हैं। इंद्रमणि बड़ोनी स्मृति मंच के संस्थापक रमेश उनियाल ने अपने संगठन की ओर से समर्थन दिया गया। इस अवसर पर सुनील ध्यानी, जय प्रकाश उपाध्याय, अशोक नेगी, शिव प्रसाद सेमवाल,राजेंद्र गुसाईं, विपिन रावत, दीपक रावत, दिनेश नेगी,सुरेश आर्य,बलबीर सिंह चौहान,पी एस चौहान, मोहन भंडारी, ब्रिजमोहन सजवाण, श्याम सिंह रमोला अंकित भंडारी, तारा देवी,दीपक मधवाल, आदि उपस्थित रहें।

## संपादकीय

# तेल रिसाव से गुस्साते समुद्र

इसी साल मई में गोवा के कई समुद्र तट तैलीय 'कार्सिनोजेनिक टारबॉल' के कारण चिपचिपा रहे थे. गोवा में 2015 के बाद 33 ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं. टारबॉल काले-भूरे रंग के चिपचिपे गोले होते हैं, जिनका आकार फुटबॉल से लेकर सिक्के तक होता है. ये समुद्र तट की रेत को भी चिपचिपा बना देते हैं और इनसे बदबू भी आती है. इससे पर्यटन तो प्रभावित होता ही है, मछली पालन से जुड़े लोगों की रोजी-रोटी पर भी बन आती है. इसका कारण है समुद्र में तेल या कच्चे तेल का रिसाव. कई बार यह गुजरने वाले जहाजों से होता है और इसका बड़ा कारण विभिन्न स्थानों पर समुद्र की गहराई से कच्चा तेल निकालने वाले संयंत्र भी हैं. वैसे भी अत्यधिक पर्यटन और अनियंत्रित मछली पकड़ने के ट्रॉलर समुद्र को लगातार तैलीय बना ही रहे हैं. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशनोग्राफी (एनआईओ) ने एक हालिया अध्ययन में देश के पश्चिमी तट पर तेल रिसाव के लिए दोषी तीन मुख्य स्थानों की पहचान की है. इनसे निकलने वाला तेल पश्चिमी और दक्षिण पश्चिमी भारत के गोवा के अलावा महाराष्ट्र व कर्नाटक के समुद्र तटों को प्रदूषित करने के लिए जिम्मेदार हो सकता है. इस शोध में सिफारिश की गयी है कि 'मैनुअल क्लस्टरिंग' पद्धति अपना कर इन अज्ञात तेल रिसाव कारकों का पता लगाया जा सकता है. गुजरात के प्राचीन समुद्र तट, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक मोड़ और गुजरात पश्चिमी तट पर सबसे व्यस्त अंतरराष्ट्रीय समुद्र जलीय मार्ग हैं, जो तेल रिसाव के कारण गंभीर पारिस्थितिकीय संकट के शिकार हो रहे हैं. सबसे चिंता की बात यह है कि तेल रिसाव की मार समुद्र के संवेदनशील हिस्से यानी कछुआ प्रजनन स्थल, मैंग्रोव, कोरल रीफ्स (प्रवाल भित्तियां) जैसे स्थान में ज्यादा है. मनोहर परिकर के मुख्यमंत्रित्व काल में गोवा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा तैयार योजना में कहा गया था कि गोवा के तटीय क्षेत्रों में अनूठी वनस्पतियों और जीवों का ठिकाना है. इस रिपोर्ट में तेल के बहाव के कारण प्रवासी पक्षियों पर विषम असर की भी चर्चा थी. पता नहीं, इतनी महत्वपूर्ण रिपोर्ट कहां गुम हो गयी और तेल के मार से बेहाल समुद्र तटों का दायरा बढ़ता गया. वर्ष 2017 से 2020 (मार्च-मई) तक हासिल किये गये आंकड़ों के अध्ययन से पता चला कि तेल फैलाव के तीन मुख्य क्षेत्र हैं. जहाज से होने वाला तेल रिसाव जोन एक (गुजरात से आगे) और तीन (कर्नाटक और केरल से आगे) तथा जोन दो, जो महाराष्ट्र से आगे है. यह तेल उत्खनन के कारण हैं. समुद्र में तेल रिसाव की सबसे बड़ी मार उसके जीव जगत पर पड़ती है. व्हेल, डॉल्फिन जैसे जीव अपना पारंपरिक स्थान छोड़ कर पलायन करते हैं, तो जल निधि की गहराई में पाये जाने वाले छोटे पौधों, नन्हीं मछलियों, मूंगा जैसी संरचनाओं को स्थायी नुकसान होता है. कई समुद्री पक्षी मछली पकड़ने नीचे आते है और उनके पंखों में तेल चिपक जाता है. वे फिर उड़ नहीं पाते और तड़प-तड़प कर उनके प्राण निकल जाते हैं.

# हल्द्वानी में लाखों रुपये के मोबाइल फोन चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



हल्द्वानी, 20 सितंबर। हल्द्वानी के एक शोरूम से रविवार को लाखों रुपये के मोबाइल फोन कथित तौर पर चोरी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है. एसएसपी पंकज भट्ट ने बताया कि नईम देवन और विक्रम के रूप में पहचाने गए आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग शहरों में अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं।

शोरूम से दो लाख रुपये से अधिक कीमत के छह मोबाइल फोन चोरी हो गए। कुमाऊं के डीआईजी नीलेश आनंद भराने ने बताया कि मोबाइल चोरी करने वाला गिरोह बिहार के बेतिया जिले का है, जिसे घोरासहन के नाम से जाना जाता है. पूछताछ में पता चला कि गिरफ्तार किए गए लोग घोड़ासहन के जीतू गैंग के थे।उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके गिरोह में 8-10 सदस्य हैं। एसएसपी ने कहा, ₹गिरोह ने चोरी को अंजाम देने के बाद चोरी का माल अपने अन्य साथियों के जरिए नेपाल भेज दिया। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।₹ इस दौरान एसएसपी ने पुलिस टीम के प्रोत्साहन के लिए 20 हजार रुपये नकद इनाम की घोषणा की।

# मुख्यमंत्री आवास कूच कर रहे आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता को पुलिस ने रोका, धरना

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून, 20 सितंबर। मानदेय बढ़ोतरी के साथ समय पर भुगतान करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं ने मुख्यमंत्री आवास कूच किया। हालांकि हाथीबड़कला स्थित केंद्रीय विद्यालय-2 के पास पुलिस ने बैरिकेड लगाकर उन्हें रोक दिया। इस बीच आगे बढ़ रहीं कार्यकर्त्ताओं की पुलिस से नोक-झोंक हुई।

मौके पर पहुंचे अधिकारियों को भी कार्यकर्त्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। कार्यकर्त्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो कार्य बहिष्कार किया जाएगा। मंगलवार को आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष मोर्चा उत्तराखंड कर्मचारी संघ के बैनर तले विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका परेड मैदान में एकत्र हुईं। दोपहर 12:30 बजे हाथों में तख्तियां और बैनर लिए कार्यकर्त्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कूच किया।

पुलिस के रोकने के बाद आक्रोशित कार्यकर्त्ता सड़क पर ही धरने पर बैठ गईं। जिसके बाद ज्ञापन लेने के लिए अपर सिटी मजिस्ट्रेट मायाराम जोशी मौके पर पहुंचे, लेकिन कार्यकर्त्ता मुख्यमंत्री से वार्ता की मांग करने पर अड़ी रहीं। हालांकि काफी देर बाद कार्यकर्त्ताओं ने उन्हें 17 सूत्री मांगपत्र सौंपा। इधर, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक एसके सिंह और जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्र ने कार्यकर्त्ताओं के बीच पहुंचकर आश्वासन दिया कि गुरुवार को विभागीय मंत्री रेखा आर्य से उनकी वार्ता कराएंगे।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, सेविका मिनी कर्मचारी संगठन की प्रदेश अध्यक्ष रेखा नेगी ने कहा कि तीन अक्टूबर को मानदेय बढ़ाने का शासनादेश जारी होने के बाद भी कार्यकर्त्ताओं के खाते में पुराना मानदेय तक नहीं आया।

उत्तराखंड राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के महामंत्री सुशीला खत्री ने कहा कि लंबे समय से मांग को लेकर अधिकारियों से वार्ता की, लेकिन आश्वासन ही मिल रहे हैं।

इस मौके पर लक्ष्मी बिष्ट, रंजीता अरोड़ा, पूनम कैंतुरा, मीनाक्षी राणा, रूबी त्यागी, सुनीता राणा, सुधा शर्मा, सीमा सोनी, सुनीता भट्ट आदि मौजूद रहीं।

धरने पर बैठीं कार्यकर्ताओं को आश्वासन देने के लिए महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक एसके सिंह पहुंचे, लेकिन उनके पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया। कहा कि उन्हें लिखित रूप में दें, वरना कार्य बहिष्कार किया जाएगा।

वहीं उपनिदेशक ने आश्वस्त किया कि मानदेय का भुगतान 10 दिनों के भीतर होगा। साथ ही अन्य मांग पर भी विचार किया जाएगा। जिन्हें मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है, वह विभाग को मेल कर अवगत करा सकती हैं।

विभाग द्वारा दिए फोन खराब हो चुके हैं, ऐसे में उच्च गुणवत्ता वाले नए फोन उपलब्ध कराया जाएं। मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को समान कार्य के लिए समान मानदेय मिले। आंगनबाड़ी से सुपरवाइजर भर्ती प्रक्रिया पर चल रहे विवाद का निस्तारण कर पदोन्नति का लाभ दिया जाए।

आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं को विद्यालय से आगे रोके जाने के बाद काफी संख्या में कार्यकर्त्ता वहीं सड़क पर बैठ गईं। इस दौरान तेज धूप के बीच आने जाने वालों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। स्कूल की छुट्टी का समय होने के कारण छात्रों व अभिभावक को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। छुट्टी होने के आधा घंटे तक बच्चे और अभिभावक भीड़ के बीच फंसे रहे।

# प्रदेश में मंगलवार को आए कोरोना के 26 नए मामले, 52 संक्रमित स्वस्थ भी हुए

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 20 सितंबर। प्रदेश में मंगलवार को कोरोना के 26 नए मामले मिले, जबकि 52 मरीज स्वस्थ हुए हैं। कोरोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। वहीं, कोरोना संक्रमण दर 2.22 फीसद रही है। प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 156 है। देहरादून व नैनीताल में 53-53 सक्रिय मरीज हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, निजी व सरकारी लैब से 1169 सैंपल की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जिनमें 1143 सैंपल निगेटिव आए हैं। देहरादून में सबसे अधिक 13 लोग संक्रमित मिले हैं।

इसके अलावा नैनीताल में पांच, हरिद्वार व पिथौरागढ़ में दो-दो, बागेश्वर, चमोली, पौड़ी व टिहरी में एक-एक व्यक्ति कोरोना संक्रमित मिला है। जबकि अल्मोड़ा, चंपावत, रुद्रप्रयाग, ऊधमसिंह नगर व उत्तरकाशी में कोरोना का कोई नया मामला नहीं मिला है।

इधर, विभिन्न जिलों से 1484 सैंपल कोरोना जांच को भेजे गए हैं। प्रदेश में इस साल कोरोना के 103951 मामले आए हैं। इनमें से 99703 (95.91 फीसद) लोग कोरोना को मात दे चुके हैं। कोरोना संक्रमण से इस साल 329 मरीजों की मौत भी हो चुकी है।

60 और लोग को लगा डेंगू का डंक

डेंगू का डंक कमजोर होने के बजाय और मजबूत होता जा रहा है। देहरादून में डेंगू की बीमारी फैलाने वाले एडीज मच्छर की सक्रियता ज्यादा है। मंगलवार को देहरादून जनपद में 58 और लोग को डेंगू का डंक लगा। इनमें 38 पुरुष व 20 महिलाएं हैं। उधर, ऊधमसिंहनगर में भी दो व्यक्तियों में डेंगू की पुष्टि हुई है।

स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, छावनी परिषद समन्वय बनाकर डेंगू निरोधात्मक अभियान चला रहे हैं। जबकि आशाएं ग्रामीण क्षेत्रों में लोग को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक कर रही हैं।

बता दें, प्रदेश में अब तक डेंगू के 620 मामले आ चुके हैं।

# डेंगू नियंत्रण के लिए नगर निगम द्वारा जारी है अभियान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 20 सितंबर। डेंगू के बढ़ते प्रकोप को कम करने के लिए नगर निगम देहरादून द्वारा हर भरसक प्रयास किया जा रहा है जिसके अंतर्गत नगर आयुक्त देहरादून द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में जिले के समस्त 100 वार्डों में रायपुर, मालदेवता रोड, भगत सिंह कॉलोनी, विजय कॉलोनी, संजय कॉलोनी, दून विहार, जाखन, रायपुर, कांवली, अजंता एनक्लेव, पटेल नगर, भंडारी बाग, झंडा मोहल्ला, करणपुर, बापुनगर , विद्या विहार फेस वन टू, जिलाधिकारी आवास कार्यालय व निकटवर्ती कॉलोनी, हरी आवास विधायक निवास, राजीव नगर , अजबपुर, चकशाह नगर बस्ती, शास्त्री नगर, सुमन नगर, एमआईजी कॉलोनी, एमडीडीए, नेहरू कॉलोनी , धर्मपुर , जोगीवाला, दून यूनिवर्सिटी रोड , विधानसभा, आकाशवाणी , आदि स्थानों पर श्रोत पर लार्वा उन्मूलन अभियान चलाया गया इसके अलावा संरक्षण हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत सभी स्थानों पर फागिंग करवाई गई तथा डेंगू लार्वा पाए जाने पर कुल 19 चालान काटे।उक्त अभियान नगर आयुक्त महोदय के निर्देशन में निरंतर जारी रहेगा।












# पेपर लीक प्रकरण में 18 के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल, अब तक हो चुकी 47 की गिरफ्तारी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 20 सितंबर। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) की स्नातक स्तर की भर्ती का पेपर लीक प्रकरण में एसटीएफ ने 18 आरोपितों के खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में दाखिल कर दिया है। आरोपितों के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज हैं।

भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी की शिकायत मिलते ही कठोर निर्णय लिए औ लगातार इस मामले में कार्रवाई जारी है। चार व पांच दिसंबर 2021 को स्नातक स्तर की परीक्षा तीन पालियों में हुई थी। जिसमें करीब एक लाख 60 हजार अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 916 अभ्यर्थी चयनित हुए थे।




बेरोजगार युवाओं के संगठनों ने मुख्यमंत्री से मिलकर इस परीक्षा में हुई अनियमितता की जांच की मांग की थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर 22 जुलाई को मुकदमा दर्ज किया गया और जांच एसटीएफ को सौंपी गई।

एसटीएफ की ओर से अब तक पेपर लीक प्रकरण में 41, आनलाइन वन दारोगा भर्ती मामले में तीन, सचिवालय रक्षक भर्ती में एक और वर्ष 2016 में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी की भर्ती मामले में दो आरोपितों की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

एसटीएफ की ओर से 24 जुलाई को गिरफ्तार शूरवीर सिंह चौहान निवासी कालसी, कुलवीर सिंह उर्फ कुल्लू निवासी रायपुर, मनोज जोशी निवासी ग्राम सेरा थाना पार्टी चंपावत, गौरव नेगी निवासी सूर्यनगर, उधमसिंहनगर, जयजीत दास निवासी ग्राम भिस्वा महाराजगंज उप्र, बर्खास्त पीआरडी जवान मनोज जोशी निवासी ग्राम मयौली तहसील मनौली, अल्मोड़ा के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है।

26 जुलाई से दो सितंबर के बीच गिरफ्तार किए गए आरोपित अभिषेक वर्मा निवासी ग्राम शेरपुर जिला सीतापुर उप्र, दीपक चौहान निवासी ग्राम भंस्वाडी जिला टिहरी गढ़वाल, भावेश जगुड़ी निवासी विद्या विहार कारगी रोड, देहरादून, दीपक शर्मा निवासी तेगबहादुर जगाधरी यमुनानगर, अंबरीश कुमार निवासी ग्राम तुगलपुर खानपुर जिला हरिद्वार, महेंद्र चौहान निवासी निकट जसपुर खुर्द काशीपुर उधमसिंहनगर, हिमांशु कांडपाल निवासी ग्राम कांडागूंठ जिला अल्मोड़ा, तुषार चौहान निवासी कासमपुर जसपुर उधमसिंहनगर, सूर्य प्रताप निवासी ग्राम निवाड मंडी जसपुर जिला उधमसिंहनगर, गौरव चौहान निवासी कासमपुर उधमसिंहनगर, पुलिस कांस्टेबल विनोद जोशी निवासी सितारगंज के खिलाफ भी एसटीएफ ने आरोपपत्र दाखिल कर दिया है।

दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094
वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा